[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, बुधवार, 18 फरवरी 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 163, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**सुविचार**

सत्य से प्यार करें और गलती को क्षमा कर दें। सीखने से मस्तिष्क कभी थकता नहीं।

मालवीय बस्ती में हिंदू .... 03

04 स्मार्ट पुलिसिंग के लिए साइबर...

# भारत विस्तार का जयपुर से शुभारंभ

## कृषि में डिजिटल क्रांति का शंखनाद, किसानों को उनकी भाषा में मिलेगी त्वरित व सटीक जानकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com










जयपुर। केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान से भारत विस्तार डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कृषि क्षेत्र में एआई आधारित तकनीकी प्रणाली को ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसे किसानों की खुशहाली से जोड़ा गया।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत विस्तार के माध्यम से कृषि में डिजिटल क्रांति का शंखनाद हुआ है। यह प्लेटफॉर्म किसानों को एकीकृत डिजिटल माध्यम पर समग्र कृषि सेवाएं उपलब्ध कराएगा। एआई आधारित प्रणाली के जरिए किसान सही समय पर फसल, मौसम, बाजार भाव, कृषि ऋण, सरकारी योजनाओं की पात्रता और वैज्ञानिक परामर्श जैसी जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे।

### किसानों ने किया सीधा संवाद

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने 155261 नंबर पर कॉल कर लाइव संवाद किया और कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया। एआई प्रणाली के माध्यम से तत्काल सुझाव और परामर्श दिए गए, जिससे उपस्थित किसानों में उत्साह देखा गया।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसान कल्याण

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसान कल्याण के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड खरीद, फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती, एकीकृत कृषि प्रणाली तथा पशुपालन और कृषि वानिकी को बढ़ावा देने जैसे कदमों से किसानों को व्यापक लाभ मिल रहा है।

### तकनीक, ज्ञान और किसान का संगम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि एआई आधारित भारत विस्तार प्रणाली कृषि के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे किसानों को उनकी भाषा में सीधे संवाद के माध्यम से जानकारी और सेवाएं प्राप्त होंगी।

मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिक खेती पर बल देते हुए कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरकों और कीटनाशकों का संतुलित उपयोग आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश में पशुपालन को भी समान प्राथमिकता देने की बात कही और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों व पशुपालकों को दिए जा रहे लाभों की जानकारी दी।

### प्रदेश कृषि उत्पादन में अग्रणी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश बाजरा, सरसों, तिलहन, जौ, ग्वार, ईसबगोल और जीरा उत्पादन में देश में अग्रणी है। किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार बोनस, ब्याज मुक्त फसली ऋण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, नए कृषि कनेक्शन और सोलर पंप जैसी योजनाओं पर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, सांसद मंजू शर्मा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, केन्द्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्री और कृषि संस्थानों के प्रतिनिधि भी जुड़े।

## खबर संक्षेप

### सलूंबर में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच, दो घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त

सलूंबर @ पदमावत मीडिया। घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के व्यवसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग, अवैध भण्डारण तथा कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान चलाया गया। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना एवं एलपीजी आपूर्ति प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के आदेशों की पालना में दो सप्ताह का विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रवर्तन जांच दल द्वारा होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकान एवं फैक्ट्री सहित विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। जिले में पांच से अधिक प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच के दौरान दो स्थानों पर घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। जांच के दौरान एलपीजी विनियमन, आपूर्ति एवं वितरण आदेश 2000 के तहत दो घरेलू सिलेण्डरों को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है और ऐसा पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत व्यवसायिक सिलेण्डरों का ही उपयोग करें तथा गैस आपूर्ति संबंधी नियमों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करें, अन्यथा विशेष अभियान के दौरान दोषी पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई**

### 22 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 4 केन्टर सामान जब्त

जयपुर @ पदमावत मीडिया। नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में गांधी नगर रेलवे स्टेशन गेट नं. 1, गांधी नगर मोड़ से अरण्य भवन, टोंक रोड़ कैलाश टावर, सिरसी रोड़ डी-मार्ट के सामने, कांटा चैराहा, खिलनी फाटक एवं सीके बिरला हॉस्पिटल के सामने से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 22 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 4 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में गांधी नगर रेलवे स्टेशन गेट नं. 1, गांधी नगर मोड़ से अरण्य भवन, टोंक रोड़ कैलाश टावर, सिरसी रोड़ डी-मार्ट के सामने, कांटा चैराहा, खिलनी फाटक एवं सीके बिरला हॉस्पिटल के सामने से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 22 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी (शनिवार) को

राजसमंद @ पदमावत मीडिया। निर्वाचन विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की तिथि में संशोधन किया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को प्रस्तावित था, किंतु आयोग द्वारा जारी संशोधित निर्देशों के अनुसार अब अंतिम प्रकाशन दिनांक 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। निर्वाचन संबंधी समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि संशोधित कार्यक्रम के बारे में राजनीतिक दलों को भी अवगत कराया जाए।

## जल जीवन मिशन प्रकरण में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, 9 अधिकारी गिरफ्तार, 900 करोड़ की निविदाओं पर सवाल




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**ये हैं वे 9 अधिकारी जिन पर कसा शिकंजा**

एसीबी द्वारा गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में शामिल हैं

- मुख्य अभियंता (प्रशासन) दिनेश गोयल
- मुख्य अभियंता (ग्रामीण) केडी गुप्ता
- अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जयपुर द्वितीय शुभांशु दीक्षित
- वित्तीय सलाहकार (नवीकरणीय ऊर्जा) सुशील शर्मा
- मुख्य अभियंता (चुरू) नीरिल कुमार
- निलंबित अधिशासी अभियंता विशाल सक्सेना
- हाल में सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता अरुण श्रीवास्तव
- सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एवं तकनीकी सदस्य डी.के. गौड़
- हाल में सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता महेंद्र प्रकाश सोनी

**जयपुर।** राजस्थान में जल जीवन मिशन से जुड़े लगभग 900 करोड़ रुपये के कथित घोटाले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने व्यापक कार्रवाई करते हुए जयपुर, बाड़मेर, उदयपुर, दिल्ली, बिहार और झारखंड सहित 15 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 9 अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है।

### उदयपुर के होटल से गिरफ्तारी

मुख्य अभियंता दिनेश गोयल को उदयपुर स्थित एक पांच सितारा होटल से तड़के डिटेन कर जयपुर लाया गया। बताया गया कि वे उदयपुर संभाग के मुख्य अभियंता का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे। एसीबी को उनकी लोकेशन उदयपुर मिली थी, जिसके बाद टीम ने होटल में दबिश देकर कार्रवाई की।

### फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर 960 करोड़ की निविदा

जांच में सामने आया है कि टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताएं करते हुए फर्जी अनुभव प्रमाणपत्रों के आधार पर ठेकेदारों को बड़े पैमाने पर कार्य आवंटित किए गए। आरोप है कि श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी और श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी से जुड़े ठेकेदारों ने आईआरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के कथित फर्जी कार्य पूर्णता प्रमाणपत्रों के आधार पर लगभग 960 करोड़ रुपये की निविदाएं हासिल कीं।

एसीबी की प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि कई स्थानों पर घटिया पाइपलाइन बिछाई गई और अधूरे कार्यों का भी भुगतान कर दिया गया।

### निविदा शर्तों में हेरफेर के आरोप

जांच में यह भी सामने आया कि 50 करोड़ रुपये से अधिक की निविदाओं में अनिवार्य साइट निरीक्षण प्रमाणपत्र जैसी शर्तें जोड़ी गईं, जो नियमों के विपरीत बताई जा रही हैं। इससे बोलीदाताओं की गोपनीयता प्रभावित हुई। फर्जी बिलिंग, लागत बढ़ाकर भुगतान लेने तथा मनी लॉन्ड्रिंग जैसे आरोप भी जांच के दायरे में हैं।

### पूर्व मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी जांच में

पूर्व पीएचईडी मंत्री महेश जोशी को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है और वे फिलहाल जमानत पर हैं। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त आईएएस सुबोध अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी जांच के दायरे में बताए जा रहे हैं। एसीबी द्वारा पहले ही पीएचईडी के तीन अधिकारियों के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से ठेके देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने संकेत दिए हैं कि जांच अभी जारी है और आगे भी कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

**अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम 2026 आयोजित**

## विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने विश्वविद्यालयो को संस्कार देने वाले केंद्र बनाने पर जोर दिया





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

### नई शिक्षा पद्धति मौलिक सोच से तैयार भारत का भविष्य: राज्यपाल

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि देश की नई शिक्षा पद्धति मौलिक सोच से तैयार है। यह भारत को भविष्य में विश्वभर में शिक्षा क्षेत्र के जरिए अग्रणी करने वाली है। उन्होंने कहा कि मौलिक विचार ही देश में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने नागरिकों का चरित्र अच्छा कर-के देश को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री बागडे मंगलवार को विद्याभारती, राजस्थान विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ₹अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम 2026₹ में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं पर लोगों का विश्वास बढ़ाने के लिए जवाबदेही रखते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के जरिए देश को अच्छे नागरिक बनाने के लिए मिलकर कार्य करें।

उन्होंने विश्व में भारत की शिक्षा की स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि अनुसंधान और विकास में भारत का सातवां और पेटेंट कराने में छठा स्थान है। भारत में असीम संभावना है, सभी क्षेत्रों में देश को आगे लाने के लिए कार्य किया जाए।

राज्यपाल ने कहा कि कॉलेज में प्रवेश से पहले स्कूल में विद्यार्थियों की नींव अच्छी तैयार होनी चाहिए। उनकी बौद्धिक क्षमता वृद्धि के लिए कार्य होना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमने महाराष्ट्र के गांवों में स्थापित शिक्षण संस्थानों में एक प्रयोग किया कि वहां शिक्षकों के चिंतन शिविर आयोजित किए। श्री देवनानी ने कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री देने वाले संस्थान नहीं बने बल्कि संस्कार देने वाले, भारतीय होने में गर्व की अनुभूति कराने वाले संस्थान बने। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा की चर्चा करते हुए कहा कि देश की चीजों को युगानुकूल और और युग के विषयों को देशानुकूल बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने सभी को लक्ष्य निर्मित कर भारत को विश्व का मार्गदर्शक बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. जगदीश कुमार ने भारतीय ज्ञान और भाषाओं में हो रहे महत्वपूर्ण कार्यों की चर्चा करते हुए राष्ट्र और इसकी संस्कृति पर गर्व करने पर जोर दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम का जयपुर घोषणा पत्र भी जारी किया गया। कॉलेज आयुक्त श्री ओमप्रकाश बैरवा ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। विद्याभारती के डॉ. सुनील जांगिड़ ने आभार जताया।

## एलपीजी गैस सीलेन्डर के दुरुपयोग की कार्यवाही

प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया। जिले में जिला कलक्टर के निदेर्शानुसार जिला रसद अधिकारी रामचन्द्र शेरावत के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम द्वारा पाटीदार ऑटो पार्टस नीमच रोड पर अवैध रिफिलिंग करते हुए घरेलू गैस सीलेन्डर मय रिफिलिंग मशीन एवं मोटर साईकिल गैस चैम्बर सहित कूल 11 घरेलू गैस सीलेन्डर 1 रिफिलिंग मशीन 2 चैम्बर जब्त किए गए है। साथ ही आगे कार्यवाही करते हुए टीम ने मस्जिद रोड प्रतापगढ़ पर स्थित शक्ति सर्विस सेंटर पर अवैध भण्डारण के चलते कूल 8 घरेलू गैस सीलेन्डर जब्त किए एवं अम्बिका हॉटल बासंवाडा रोड़ पर व्यवसायिक उपयोग के लिए 2 घरेलू गैस सीलेन्डर जब्त किये गए। प्रवर्तन टीम द्वारा जब्त 21 घरेलू गैस सीलेन्डर मय रिफिलिंग मशीन व 2 मोटर साईकिल गैस चैम्बर समेत आध्या इण्डेन गैस सर्विस को सुपर्दगी किए गए। प्रवर्तन टीम में प्रवर्तन अधिकारी धर्मेन्द्र रोत, प्रवर्तन निरिक्षक कालूराम ताबियार, प्रदिप परमार एवं प्रद्युमन नाथ रावल उपस्थित रहे।



## रात्रि चौपाल जेथलिया में 19 फरवरी को आयोजित होगी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में उपखण्ड पीपलखूंट की ग्राम पंचायत भवन जेथलिया में 19 फरवरी को सांय 7 बजे से रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने आदेश जारी कर बताया कि रात्रि चौपाल में संबंधित उपखण्ड अधिकारी, समस्त उपखण्ड स्तरीय अधिकारी, विकास अधिकारी, विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी, पीपलखूंट ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी भाग लेंगे।

## शहर की सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए फील्ड में उतरी नगर निगम टीम

### वार्ड प्रभारी अधिकारियों ने सुबह पहुंचकर परखी जमीनी हकीकत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






**जयपुर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में शीर्ष तीन स्थानों में शामिल करने के लक्ष्य के साथ नगर निगम की टीम एक्शन मोड में नजर आई। मंगलवार को निगम के सभी वार्ड प्रभारी अधिकारी फील्ड में उतरे और आवंटित वार्डों की सफाई व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया।

नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक सभी वार्ड प्रभारी अधिकारियों ने क्षेत्र में पहुंचकर सफाई व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, निर्धारित वर्दी में कार्य, मुख्य मार्गों पर कचरा पात्रों की स्थिति, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, कचरा डिपो की स्थिति, अवैध होर्डिंग-बैनर-पोस्टर, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट, सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता सहित विभिन्न बिंदुओं की जांच की गई।

आयुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। तकनीक आधारित निगरानी, प्रभावी मॉनिटरिंग, जनभागीदारी, जनजागरूकता और धरातल पर ठोस कार्रवाई से ही स्वच्छता का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सभी जोन उपायुक्तों को भी सुबह फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

### इन बिंदुओं पर की गई विस्तृत जांच

सफाई कर्मचारियों की निर्धारित वर्दी एवं उपस्थिति की जांचद्व, निर्धारित सफाई बीट के अनुसार कार्य की समीक्षा, वार्ड में पाई गई गंदगी का मौके पर निरीक्षण, खुले कचरा डिपो की स्थिति एवं उनके सौंदर्यीकरण की प्रगति, बैकलेन की सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य, वार्ड स्थित पार्कों एवं पर्यटन स्थलों की स्वच्छता, कचरा पात्रों की उपलब्धता एवं स्थिति, नाले-नालियों पर जालियों की स्थिति, अवैध बैनर-पोस्टर-होर्डिंग की जांच, निमार्णाधीन भवनों पर हरे पर्दे लगाने की अनिवार्यता, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट की स्थिति, स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 से जुड़े अन्य मानकों की समीक्षा।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में अग्रणी बनाने के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### हरदा के डायल-112 हीरोजः

## भूसे से भरे ट्रक में लगी आग, डायल-112 जवानों ने एफआरव्ही के अग्निशमन यंत्र से पाया काबू

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** डायल-112 केवल आपात सेवा नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में त्वरित निर्णय, साहस और





मानवीय संवेदनशीलता का सशक्त प्रतीक है। हरदा जिले में भूसे से भरे ट्रक में लगी आग पर डायल-112 जवानों की सूझबूझ और तत्काल कार्रवाई ने एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। दिनांक 16 फरवरी 2026 को रात्रि 2:18 बजे हरदा जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत टिमरनी रोड स्थित गिरिराज वेयर हाउस के पास खड़े भूसे से भरे एक ट्रक में आग लगने की सूचना डायल-112 राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ आरक्षक 400 संदीप कुजूर एवं पायलट मोहित ने देखा कि ट्रक में रखे भूसे के कारण आग तेजी से फैलने की आशंका है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए डायल-112 जवानों ने बिना समय गंवाए एफआरव्ही वाहन में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र का उपयोग किया तथा स्थानीय नागरिकों के सहयोग से आग पर प्रभावी नियंत्रण पाया। इस साहसिक कार्रवाई के दौरान आग बुझाते समय आरक्षक संदीप कुजूर का पैर आग की लपटों से झुलस गया, किंतु उन्होंने कर्तव्य को सर्वोपरि रखते हुए जन-सुरक्षा सुनिश्चित की। डायल-112 जवानों की त्वरित और साहसिक कार्यवाही से बड़ा हादसा टल गया। डायल-112 हीरोज द्वारा विषम परिस्थितियों में प्रदर्शित यह साहस और समर्पण पुलिस की जन-सेवा भावना को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करता है।

## उदयपुर में 21 फरवरी से सजेगा आदि बाजार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जनजातीय शिल्पकारों को प्रोत्साहन देने और उनके पारंपरिक उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत ट्रायफेड द्वारा उदयपुर में 21 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक आदि बाजार का आयोजन भारतीय लोक कला मंडल परिसर में होगा। ट्राय फेड की रीजनल मैनेजर मोनिका ने बताया कि आदि बाजार का उद्घाटन राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया के मुख्य आतिथ्य में होगा। आयोजन के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए जनजातीय कारीगरों द्वारा लगभग 30 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें पारंपरिक आदिवासी हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। इस आदि बाजार में वस्त्र, धातु शिल्प, लकड़ी की कलाकृतियां, जूट उत्पाद, प्राकृतिक उत्पाद सहित विविध पारंपरिक जनजातीय वस्तुएं उपलब्ध रहेंगी। आयोजन का उद्देश्य जनजातीय शिल्पकारों को स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना तथा आमजन को उनकी समृद्ध संस्कृति और कला से रूबरू कराना है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** संयुक्त शासन सचिव जन अभियोग निराकरण विभाग के आदेशानुसार त्रि स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत माह के तृतीय गुरुवार 19 फरवरी को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रस्तावित जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित की गई है।

## मनरेगा बचाव को लेकर कांग्रेस का विधानसभा घेराव ऐलान

**बाराबंकी @ पदमावत मीडिया।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा मनरेगा कानून में बदलाव और सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रस्तावित विधानसभा घेराव से पहले जिले में पुलिस प्रशासन ने सख्ती बरती। मंगलवार को घेराव के लिए निकल रहे हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोककर नजरबंद कर दिया गया। यह प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर आयोजित किया गया था।

# जिला स्तरीय कृषि एवं उद्यानिकी समितियों की बैठक सम्पन्न

## विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय कृषि समिति, जिला उद्यानिकी विकास समिति, आत्मा शासी परिषद, जिला स्तरीय निगरानी समिति (फसल बीमा), जिला स्तरीय उर्वरक नियंत्रण समिति, जिला स्तरीय तिलहन मिशन तथा जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति (तिलहन) की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।





बैठक की शुरूआत संयुक्त निदेशक कृषि भूपेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा स्वागत उद्बोधन से की गई। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से कृषि, उद्यानिकी एवं आत्मा अंतर्गत गठित विभिन्न समितियों एवं उनके कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।

डीबीटी योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि सिंचाई पाइपलाइन, कृषि यंत्र, फार्म पौंड, तारबंदी, गोवर्धन जैविक उर्वरक एवं कृषि संकाय में अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहन राशि जैसी योजनाओं में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई हैं। जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक कृषकों के आवेदन प्राप्त कर लक्ष्यों के अनुरूप स्वीकृतियां जारी की जाएं।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिला कलक्टर ने कृषि सखी एवं सीआरपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के समन्वय से शीघ्र आयोजित कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

परम्परागत कृषि विकास योजना तथा वर्षा आधारित नेशनल मिशन ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य समयबद्ध पूर्ण किए जाएं।

जिला कलक्टर ने निरीक्षकों को निर्देशित किया कि संघन निरीक्षण कर यूरिया डायवर्जन एवं जमाखोरी की शिकायतों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की भी विस्तृत समीक्षा की गई तथा कृषकों को अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि भूपेन्द्र सिंह राठौड़, नाबार्ड डीडीएम आशीष जैन, संयुक्त निदेशक पशुपालन शक्ति सिंह, मत्स्य विकास अधिकारी डॉ. शीतल नारुका, उप निदेशक उद्यान कल्प वर्मा, उप निदेशक कृषि आत्मा संतोष कुमार दुरिया, सहायक निदेशक कृषि अर्जुनराम, कृषि अधिकारी भरत नन्दन, सहायक निदेशक कृषि ज्वाला प्रताप सिंह, सहायक निदेशक उद्यान प्रवीण कुमार गुप्ता, सहायक निदेशक कृषि शिव प्रकाश कुम्हार, कृषि अधिकारी रोशन लाल डांगी, कृषि अधिकारी गणपत लौहार तथा उप रजिस्ट्रार विनोद कुमार कोठारी उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने अंत में सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक कृषकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

# होली पर राजससंघ में सजे वन धन उत्पादों के स्टॉल, हर्बल गुलाल को मिली खास सराहना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** होली पर्व के अवसर पर राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ (राजससंघ), राजस्थान सरकार के मुख्यालय, प्रताप नगर, उदयपुर में राजस्थान में संचालित वन धन विकास केन्द्रों द्वारा निर्मित हर्बल उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी एवं विक्रय स्टॉल का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हर्बल गुलाल, जंगली शहद, हर्बल साबुन, सफेद मुसली, विभिन्न प्रकार के शरबत एवं अन्य वनोपज आधारित उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे।




स्टॉल पर स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा जनजातीय समुदाय की पारंपरिक ज्ञान एवं प्रप्राकृतिक संसाधनों से तैयार किए गए उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की गई तथा इन उत्पादों की मांग में उत्साहजनक वृद्धि देखी गई। विशेष रूप से रासायनिक रंगों के विकल्प के रूप में हर्बल गुलाल को लोगों ने सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में पसंद किया।

राजससंघ के अधिकारी सहायक प्रबंधक रजनीश कुमार मीना ने बताया कि वन धन विकास केन्द्र, विभाग द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से लघु वनोपज का संग्रहण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन किया जाता है। राजस्थान में 530 वन धन विकास केन्द्र सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से जनजातीय परिवारों को स्वरोजगार एवं आय सृजन के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

वन धन योजना के अंतर्गत जनजातीय स्व-सहायता समूहों को प्रशिक्षण, उपकरण, एवं विपणन सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे कच्चे वनोपज को प्रसंस्कृत कर बाजार योग्य उत्पाद में परिवर्तित कर सकें। इससे एक ओर जहां स्थानीय संसाधनों का समुचित उपयोग हो रहा है, वहीं दूसरी ओर जनजातीय समुदाय की आय में वृद्धि एवं आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो रहा है।

राजस्थान में वन धन विकास केन्द्र न केवल आजीविका संवर्धन का माध्यम बने हैं, बल्कि ह्वोकल फॉर लोकलह्व की भावना को भी सशक्त कर रहे हैं। होली जैसे त्योहारों पर इस प्रकार की पहल से जनजातीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध हो रहा है तथा समाज में प्राकृतिक एवं स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है। कार्यक्रम में राजीविका से रक्षित चित्तोड़ा, राजससंघ के अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

# गांधी ग्राउंड में संभाग स्तरीय अमृता हाट आज से

## मेले की तैयारियां पूर्ण, 24 फरवरी तक होगा आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा गाँधी ग्राउंड में सात दिवसीय अमृता हाट का शुभारंभ बुधवार को होगा। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी ने बताया कि आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह भव्य मेला गांधी ग्राउंड में बुधवार से 24 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। मेले का उद्घाटन बुधवार अपराह्न 3.30 बजे जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं तथा आमजन की उपस्थिति मेंकिया जाएगा।



मेले में उदयपुर शहर के साथ साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों एवं आसपास के अन्य जिलों से भी महिला स्वयं सहायता समूह भाग ले रहे हैं। बाहर से आने वाले समूह अपने विशेष हस्तशिल्प पारंपरिक उत्पाद, हथकरघा वस्तुएं, हस्तनिर्मित आभूषण, सजावटी सामग्री, जैविक उत्पाद, मसाले, पापड़, बड़ी, अचार और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाएंगे। उपनिदेशक ने बताया कि अमृता हाट मेला महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे महिलाओं को सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ने का अवसर मिलेगाए जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य एवं मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी जिससे आगंतुकों को खरीदारी के साथ-साथ सांस्कृतिक आनंद भी प्राप्त होगा। बच्चों के लिए विशेष आकर्षण एवं खानपान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। प्रशासन द्वारा सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता की व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। आयोजन को लेकर महिला स्वयं सहायता समूहों एवं आमजन में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सात दिनों तक चलने वाला यह मेला शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# मकान सूचीकरण जनगणना का महत्त्वपूर्ण कार्य नियमित सहायकों को दिया प्रशिक्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिला परिषद सभागार में जनगणना 2027 हेतु आयोजित किये जा रहे नियमित सहायकों के 03 दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला जनगणना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) दीपेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मकान सूचीकरण ब्लॉक जनगणना कार्य की प्रारम्भिक एवं आवश्यक महत्त्वपूर्ण इकाई है। एक जनगणना ब्लॉक में 700 से 800 की जनसंख्या अथवा 150 से 180 परिवार होंगे। मकान सूचीकरण के कार्य को सम्पादित करने हेतु नियमित सहायकों की भूमिका एवं उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है। नियमित सहायकों द्वारा सेटेलाईट चित्रों के माध्यम से प्रगणक ब्लॉकों के नक्शे बनाये जायेंगे जो कि आगामी जनगणना में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को जनगणना ब्लॉकों के भौतिक सत्यापन, मकान सूचीकरण एवं जनगणना हेतु सहायक सिद्ध होंगे। देश की यह 16वीं जनगणना प्रथम डिजीटल जनगणना होगी जिसमें आमजन स्वयं भी स्वगणना विकल्प का उपयोग करके अपनी गणना कर सकेंगे। मकान सूचीकरण ब्लॉक का निर्धारण एचएलबीसी पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। प्रशिक्षण में जिले के समस्त ग्रामीण चार्जों (तहसीलों) से 17, शहरी चार्जों (नगर निगम एवं नगर पालिका) से 06 एवं जिला स्तर से 04 नियमित सहायक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में उप जिला जनगणना जनगणना अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग पुनीत शर्मा भी उपस्थित रहे ।



# जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक का आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर एवं जिला महिला सहायता समिति की जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक का आयोजन मंगलवार को जिला कलेक्टर के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर जितेंद्र ओझा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में हुआ। बैठक के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, लिंगानुपात सुधारने एवं बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं की रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



उपनिदेशक महिला अधिकारिता संजय जोशी ने विभागीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे परामर्श, कानूनी सहायता, चिकित्सा सहायता एवं अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

बैठक में जिला महिला सहायता समिति के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। एडीएम ओझा ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसमें सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चार अलग-अलग घटनाओं में नागरिकों को मिला जीवनदान

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस ने विगत 5 दिनों के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में घटित चार गंभीर घटनाओं में तत्परता, साहस एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए समय पर राहत एवं बचाव कार्य कर तीन नागरिकों को सुरक्षित बचाया। इन घटनाओं में पुलिसकर्मियों की त्वरित प्रतिक्रिया एवं समर्पित सेवा भावना के चलते संभावित बड़े हादसों को टालते हुए पीड़ितों को तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई।

### थाना सनावद जिला खरगौन

दिनांक 16 फरवरी को थाना सनावद क्षेत्र में भ्रमण के दौरान प्रधान आरक्षक श्री गंभीर मीणा एवं आरक्षक श्रीकृष्ण बिरला ने ढकलगांव रोड के समीप एक व्यक्ति को मोटर साइकिल से अचेत अवस्था में सड़क पर गिरा हुआ देखा, जिसके पास एक महिला घबराई हुई स्थिति में खड़ी थी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए तत्परता दिखाई। आरक्षक श्रीकृष्ण बिरला द्वारा तत्काल व्यक्ति को सीपीआर प्रदान किया गया, वहीं प्रधान आरक्षक श्री गंभीर मीणा द्वारा तुरंत डायल-112 एम्बुलेंस सेवा से संपर्क कर मौके पर बुलाया गया। पुलिस द्वारा समय रहते दिए गए उढफ जैसी जीवनरक्षक तकनीक का उपयोग करते हुए जीवनरक्षक प्रयास शुरू किए। कुछ ही मिनटों की सतर्कता और निरंतर प्रयासों से युवक की धड़कनें सामान्य हुईं। इसके बाद उसे तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया।



### राजगढ़- थाना लीमा चौहान

दिनांक 14 फरवरी 2026 को ग्राम निपानिया में प्रधानमंत्री रोजगार सड़क निर्माण योजना अंतर्गत नाली निर्माण कार्य के दौरान साइड की कच्ची दीवार की मिट्टी अचानक धंसने से दो मजदूर मिट्टी में दब गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना लीमा चौहान पुलिस द्वारा तत्काल पुलिस बल एवं दो जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंचकर बिना विलंब रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों मजदूरों को बाहर निकाला गया। इस दौरान कार्यवाहक आरक्षक 226 श्री अमितेंद्र रघुवंशी एवं कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 659 श्री दिवाकर वर्मा द्वारा मौके पर ही सीपीआर प्रदान कर एक मजूदर को बचाया। तत्पश्चात उसे तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। दुर्भाग्यवश दूसरे मजूदर को मृत अवस्था में निकाला गया, जिनका पोस्टमार्टम कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### थाना खिलचीपुर, जिला राजगढ़

15 फरवरी 2026 को थाना खिलचीपुर क्षेत्र अंतर्गत झारखंडेश्वर मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्टॉप पानी डेम के समीप पैदल पुल पार करते समय 15-16 वर्ष की किशोरी संतुलन बिगड़ने से नदी में गिर गई। सूचना प्राप्त होते ही ड्यूटी पर तैनात आरक्षक 53 श्री अविनाश शर्मा, थाना खिलचीपुर तथा एसडीईआरएफ जवान 89 श्री संजय वर्मा द्वारा तत्परता एवं साहस का परिचय देते हुए नदी में उतरकर किशोरी को सुरक्षित बाहर निकाला। समय पर की गई त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। किशोरी पूर्णतः सुरक्षित है।

### थाना कनाडिया, जिला इंदौर

दिनांक 13 फरवरी 2026 को थाना कनाडिया क्षेत्रांतर्गत स्नेह जीव मैरिज गार्डन में विद्युत सुधार कार्य के दौरान एक व्यक्ति दो मंजिला टावर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एसीपी खजराना श्री कुंदन मंडलोई, थाना प्रभारी कनाडिया डॉ. सहर्ष यादव एवं पुलिस स्टाफ द्वारा तत्परता से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया। उपरोक्त घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि मध्यप्रदेश पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं, बल्कि संकट की प्रत्येक घड़ी में नागरिकों के साथ खड़ी है। मानवीय संवेदना, साहस एवं त्वरित निर्णय क्षमता के बल पर मध्यप्रदेश पुलिस निरंतर जनसेवा के अपने दायित्व का निर्वहन कर रही है और समाज में सुरक्षा, विश्वास व सहयोग की सुदृढ़ भावना को सशक्त कर रही है।

## खबर संक्षेप

### पंचायत समिति रेवदर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## कनिष्ठ तकनीकी सहायक दिनेश कुमार वैष्णव 80 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सिरोही @ पदमावत मीडिया।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर की विशेष अनुसंधान इकाई ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए पंचायत समिति रेवदर में पदस्थापित कनिष्ठ तकनीकी



सहायक दिनेश कुमार वैष्णव को 80 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी ग्राम पंचायत में 10 कैटल शेड निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति जारी करने की एवज में आरोपी दिनेश कुमार वैष्णव प्रति कैटल शेड 10 हजार रुपये की दर से कुल 1 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत का सत्यापन 11 फरवरी 2026 को किया गया, जिसमें सामने आया कि आरोपी तकनीकी स्वीकृति जारी करने के बदले प्रति कैटल शेड 8 हजार रुपये की दर से कुल 80 हजार रुपये की मांग कर रहा है। सत्यापन उपरांत उपमहानिरीक्षक अनिल कयाल के पर्यवेक्षण तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप सारस्वत के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान इकाई ने ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान आरोपी दिनेश कुमार वैष्णव को परिवादी से 80 हजार रुपये की रिश्वत राशि प्राप्त करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं महानिरीक्षक सत्येन्द्र कुमार के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। एसीबी द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है।

## नागौर की सरोज प्रजापत ने चंडीगढ़ में प्रशिक्षण महाअभियान में लिया भाग

**नागौर @ पदमावत मीडिया।** सात प्रदेशों का पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस महाअभियान में नागौर की





पूर्व प्रदेश मंत्री सरोज प्रजापत ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महाअभियान में राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, लेह-लद्दाख और दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, प्रशिक्षण टोली के सदस्य एवं प्रदेश वक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक विषयों, वैचारिक अधिष्ठान एवं कार्यपद्धति पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वक्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए संगठन विस्तार और सशक्तिकरण पर बल दिया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश से सांसद अनुराग ठाकुर तथा दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज की उपस्थिति रही। उन्होंने कार्यकताओं को संगठन की मजबूती के लिए बूथ एवं मंडल स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के माध्यम से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बताया गया कि आगामी 7 मार्च से 14 अप्रैल तक सभी मंडलों में प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित किए जाएंगे, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति प्रदान की जा सके। महाअभियान में भाग लेकर सरोज प्रजापत ने इसे संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से कार्यकताओं को वैचारिक स्पष्टता एवं कार्यकुशलता प्राप्त होती है, जो संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

# देश में 100 पर्सेंटाइल लाने वाले 12 स्टूडेंट्स में से 8 एलन क्लासरूम से, एलन उदयपुर से देव गहलोत रहे टॉप

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जेईई मेन जनवरी सत्र के परिणामों में एलन करियर इंस्टीट्यूट ने एक बार पुनः राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता सिद्ध की है। संस्थान के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि देशभर में 12 विद्यार्थियों ने 100 पसेर्टाइल प्राप्त किए, जिनमें से 8 विद्यार्थी एलन के क्लासरूम प्रोग्राम से हैं। इसके साथ ही 18 विद्यार्थी विभिन्न राज्यों में स्टेट टॉपर बने हैं। एलन उदयपुर के सेंटर हेड शांतनु विजय ने जानकारी देते हुए बताया कि एलन उदयपुर क्लासरूम के विद्यार्थी देव गहलोत ने 99.884 पसंर्टाइल प्राप्त कर संस्थान में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। देव दो वर्षीय नियमित क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र रहे हैं। उदयपुर सेंटर से अन्य प्रमुख उपलब्धियां



हविश पाटीदार 99.793 पसेर्टाइल,वैभव कच्छारा 99.538 पसेर्टाइल, सुमित पालीवाल 99.371 पसेंटाइल,शुभिका गुर्जर 99.070 पसेर्टाइल,कृष जिंदल 99.056 पसेर्टाइल प्राप्त किए।

परिणामों की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता को बनाए रखते हुए संस्थान ने इस वर्ष भी अपने परिणामों का सत्यापन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ऑडिट फर्म अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) से करवाया है।

### ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ सफलता का उत्सव

परिणाम घोषित होते ही एलन उदयपुर परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। ।विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न ढोल-नगाड़ों के साथ मनाया गया। फैकल्टी टीम ने सभी सफल विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवाकर उन्हें शुभकामनाएं -दीं। परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच गर्व और प्रसन्नता का वातावरण रहा।

सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने मातापिता एवं एलन उदयपुर की समर्पित फैकल्टी टीम को दिया। विद्यार्थियों के अनुसार संस्थान की सुव्यवस्थित अध्ययन सामग्री, व्यक्तिगत मार्गदर्शन (वन मेंटरशिप-टू-वन), एलन ऐप की शैक्षणिक विश्लेषण प्रणाली तथा नियमित अखिल भारतीय टेस्ट श्रृंखला ने उनकी तैयारी को सुदृढ़ बनाया।

निरंतर परिश्रम और लक्ष्य आधारित तैयारी से मिली सफलता -देव गहलोत

कक्षा 11 से एलन उदयपुर के नियमित छात्र देव गहलोत ने जेईई मेन में 99.884 पसेर्टाइल प्राप्त की। देव ने बताया, मैं प्रतिदिन लगभग 7 से 8 घंटे स्वअध्ययन करता था। यदि किसी परीक्षा में अपेक्षित अंक नहीं आते थे, तो मैंने निराश होने के बजाय अपनी कमियों का विश्लेषण किया और अगले टेस्ट के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया।

देव का मानना है कि जेईई मेन एवं जेईई एडवांस जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता के लिए निरंतरता, आत्मअनुशासन और चरणबद्ध लक्ष्य निर्धारण आवश्यक है। उनका वर्तमान लक्ष्य 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक तथा जेईई एडवांस में श्रेष्ठ रैंक प्राप्त करना है।

मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद अब जेईई एडवांस पर केंद्रित तैयारी - हविश पाटीदार

99.793 पसेर्टाइल प्राप्त करने वाले हविश पाटीदार ने कहा कि अब उनका संपूर्ण ध्यान जेईई एडवांस की तैयारी पर है। उन्होंने बताया कि एलन की सुसंगठित अकादमिक संरचना, अवधारणाआधारित शिक्षण पद्धति-, नियमित शंका समाधान सत्र एवं विस्तृत परफॉर्मेंस विश्लेषण प्रणाली ने उनकी तैयारी को नई दिशा दी।

हविश ने कहा कि संस्थान का अनुशासित वातावरण और अनुभवी फैकल्टी का मार्गदर्शन उन्हें आगामी परीक्षा के लिए आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है। उनका लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश पाना है।

# फेमिना मिस इंडिया हरियाणा 2026 का खिताब देबस्मिता के नाम

### अब 61वें राष्ट्रीय मंच पर हरियाणा का करेंगी प्रतिनिधित्व

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** मेहनत, आत्मविश्वास और बहुआयामी व्यक्तित्व की मिसाल बनीं देबस्मिता ने 16 फरवरी 2026 को मुंबई में आयोजित भव्य ग्रैंड फिनाले में फेमिना मिस इंडिया हरियाणा 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ अब वे 61वें फेमिना मिस इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी।

देशभर से आई प्रतिभागियों के बीच देबस्मिता ने कठिन चयन प्रक्रिया को पार करते हुए यह मुकाम हासिल किया। चयन की शुरूआत नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय स्क्रीनिंग राउंड से हुई, जिसके बाद मुंबई में तीन दिन तक चले अंतिम चरण में प्रतिभागियों की सोच, व्यक्तित्व, मंच संचालन क्षमता और सामाजिक दृष्टिकोण की गहन परीक्षा ली गई।

### अजमेर की परवरिश, हरियाणा की पहचान

हरियाणा के सलावाहस गांव से जुड़ी देबस्मिता का बचपन राजस्थान के अजमेर में बीता। वे मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल की पूर्व छात्रा हैं, जहां उन्होंने खेलकूद और नेतृत्व दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। आगे की शिक्षा उन्होंने माउंट कार्मेल कॉलेज से प्राप्त की और वर्तमान में क्राइस्ट



विश्वविद्यालय से सतत विकास विषय में स्नातकोत्तर अध्ययन कर रही हैं। साथ ही मानवशास्त्र विषय में भी अध्ययनरत हैं।

### सेना चयन प्रक्रिया में भी दर्ज कराई सफलता

देबस्मिता की उपलब्धियां केवल सौंदर्य मंच तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग स्तर की परीक्षा तथा सेवा चयन बोर्ड की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार कर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि उन्हें अन्य प्रतिभागियों से अलग और विशिष्ट पहचान प्रदान करती है।

### मॉडलिंग, सिनेमा और सामाजिक सरोकार

मॉडलिंग जगत में भी देबस्मिता एक उभरता चेहरा हैं। वे कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के लिए कार्य कर चुकी हैं तथा कन्नड़ फिल्म ब्लडी बाबू में मुख्य भूमिका निभा चुकी हैं। सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी वे सक्रिय रही हैं। बेंगलुरु में जल विषाक्तता विषय पर शोध तथा परित्यक्त बच्चों के पुनर्वास जैसे प्रयासों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।

### जिम्मेदारी का एहसास, राष्ट्रीय मंच पर नजर

अपनी जीत के बाद देबस्मिता ने कहा कि यह ताज उनके लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह मंच उन्हें समाजहित में कार्य करने और अपने सपनों को नई दिशा देने का अवसर देगा। अब उनकी नजरें राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर हैं, जहां वे हरियाणा की संस्कृति, आत्मविश्वास और नई सोच का प्रतिनिधित्व करती दिखाई देंगी।

# अनुशासन को जीवन में उतार कर ही सफलता प्राप्त कर सकते हैं : भंडारी





### राजकीय महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** स्थानीय जी. के. गोवाणी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह प्रतिभा पर्व-2026 हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण को सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय विकास समिति के सदस्य माणकमल भंडारी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय विकास समिति के सदस्य चेनराज पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य धर्मपाल ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं छात्र-छात्राओं की सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि माणकमल भंडारी ने कहा कि अनुशासन को जीवन में उतार कर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने महाविद्यालय के 60 वर्ष के गौरवशाली सफर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संस्थान कठिन परिस्थितियों से आगे बढ़ते हुए आज एक सशक्त शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने महाविद्यालय के विकास में गोवानी परिवार के योगदान की सराहना की।

विशिष्ट अतिथि चेनराज पटेल ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि कई लोगों के सामूहिक प्रयासों से ही संस्थान निरंतर प्रगति करता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य धर्मपाल ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की उपलब्धियों का विवरण दिया।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। लोक नृत्य, नाटक एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति और मातृभूमि के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया, जिसे दर्शकों ने सराहा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रतिभा सम्मान रहा, जिसमें सत्र 2025-26 के दौरान खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक आचार्य जयसूर्या मीना, भलाराम, सुमित विश्नोई, विक्रमकुमार, सोनल चौधरी, राजेंद्रसिंह, श्रीराम बिश्नोई सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश बिश्नोई ने किया, जबकि संयोजक लाखमसिंह ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन और अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु दो दिवसीय जिला एवं चार्ज स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**राजसमन्द @ पदमावत मीडिया।** जिले में आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से जिला कलेक्टर सभागार में आयोजित दो दिवसीय जिला एवं चार्ज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री अरुण कुमार हसीजा तथा अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री नरेश बुनकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, तहसीलदारों एवं संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। जिला कलेक्टर ने अपने संबोधन में जनगणना की आवश्यकता एवं राष्ट्रीय महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जनगणना नीतियों के निर्माण, संसाधनों के समुचित वितरण तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार है। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान के आधार पर सभी अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं सटीकता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण उपरांत आयोजित परीक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिला कलेक्टर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जनगणना निदेशालय राजस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के उप निदेशक डॉ. पुलकेश शर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का दायित्व है, जिसमें फील्ड स्तर पर डेटा संग्रहण के दौरान शत-प्रतिशत शुद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 मुख्यतः चरणबद्ध एवं डिजिटल प्रक्रिया के रूप में आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य किया जाएगा। स्व-गणना का विकल्प 1 मई से 15 मई तक उपलब्ध रहेगा, जबकि 16 मई से 14 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर डेटा संग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में उपजिला जनगणना अधिकारी एवं उपनिदेशक सांख्यिकी श्री पीयूष कुमार भंडारी, जनगणना निदेशालय राजस्थान से डॉ. पुलकेश शर्मा, श्री श्याम लाल प्रजापत सहित जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा नगर परिषद एवं जिला सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।



# मालवीय बस्ती में हिंदू महा सम्मेलन आयोजित, कलश यात्रा में उमड़े क्षेत्रवासी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** स्थानीय नीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण, रेबारियों की ढाणी करडा रोड स्थित मालवीय नगर, माहेश्वरी कॉलोनी, रामदेव कॉलोनी एवं रैबारियों की ढाणी को मिलाकर संघ की दृष्टि से कही जाने वाली मालवीय बस्ती द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हिंदू महा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में चारों कॉलोनियों के सैकड़ों महिला-पुरुष एवं बालकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम को शंकराचार्य द्वारिकाधीश पीठ से जुड़े दंडीस्वामी कैलाश आश्रम के महंत ब्रह्मचारी तीथानंद महाराज, स्वामीनारायण संप्रदाय के स्वामी दिव्यस्वरूप महाराज तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जालोर विभाग सेवा प्रमुख भूपेंद्र सोलंकी ने संबोधित किया।

ब्रह्मचारी तीथानंद महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू धर्म कोई संकीर्ण पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की समग्र कला है। विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए हिंदू समाज का संगठित रहना आवश्यक है। स्वामी दिव्यस्वरूप महाराज ने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि एक पनघट और एक मरघट पर सभी भेद समाप्त हो जाते हैं, यही वास्तविक समरसता है। मुख्य वक्ता भूपेंद्र सोलंकी ने कुटुंब प्रबोधन का संदेश देते हुए प्रत्येक घर में सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान, तुलसी का पौधा, स्वदेशी परिधान और मातृभाषा में संवाद को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने भोजन के समय पारिवारिक संवाद, धार्मिक यात्राओं एवं दैनिक संस्कारों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि संगठित हिंदू समाज ही समर्थ भारत की नींव है। उन्होंने पंच परिवर्तन को आधार बनाकर भविष्य निर्माण का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक संदीप देसाई ने बताया कि सम्मेलन से पूर्व भव्य कलश यात्रा नीलकंठ महादेव मंदिर से रवाना होकर क्षेमंकारी माता सर्कल, पुलिस थाना, डाकघर, मालवीय नगर, माहेश्वरी कॉलोनी, रामदेव बस्ती एवं रैबारियों की ढाणी से होती हुई पुनः मंदिर परिसर में पहुंची।





कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं सामूहिक प्रसादी वितरण के साथ हुआ। बस्ती की माताओं, बहनों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर हिंदू एकता का परिचय दिया।

# घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग पर सख्ती, उदयपुर में विशेष जांच अभियान शुरू, 39 सिलेण्डर जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरुपयोग, अवैध रिफिलिंग, भण्डारण एवं कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से जिले में विशेष जांच अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक चलाया जाएगा। जिला कलेक्टर नमित



मेहता के निर्देश पर अभियान को पूरी तरह परिणाम आधारित बनाने के लिए जिला रसद अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर तहसीलवार जांच दल गठित किए गए हैं।

### बड़गांव में कार्रवाई, पिकअप सहित 39 सिलेण्डर जब्त

अभियान के तहत 17 फरवरी को बड़गांव क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी सुश्री लतिका पालीवाल के निर्देशन में कार्रवाई की गई। इस दौरान एक अवैध पिकअप से 39 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर विभिन्न अनियमितताओं के कारण जब्त किए गए।

### जांच में ये अधिकारी रहे मौजूद

कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन अधिकारी श्रीमती मानसी पण्ड्या, उप तहसीलदार श्री रमेश कुमार, प्रवर्तन निरीक्षक डॉ. कोमल सिंह सोलंकी तथा सहायक निरीक्षक श्री प्रकाश नाथ चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरुपयोग, अवैध रिफिलिंग या कालाबाजारी की जानकारी मिले तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## खबर संक्षेप

### जाजली व बेड़मा ग्राम पंचायत में कचरा प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा ने मंगलवार को पंचायत समिति अरनोद के अंतर्गत जाजली एवं



बेड़मा ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया जिसमें स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत तरल एवं ठोस कचरा प्रबंधन (रछहट) कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संचालित 16 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक जिले में चल रहा प्लास्टिक मुक्त अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही सोशल मीडिया गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने हेतु विकास अधिकारी अरनोद को पाबंद किया गया, ताकि जिले की स्वच्छता गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के विभिन्न पैरामीटरों पर ग्राम विकास अधिकारियों से प्रगति समीक्षा की गई एवं कार्यों में गति लाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

### खनन पट्टा धारकों के लिए महत्वपूर्ण बैठक 20 फरवरी को

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, भीलवाड़ा द्वारा खनन पट्टा धारकों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक



आयोजित की जा रही है। यह बैठक 20 फरवरी 2026 को दोपहर 12.00 बजे होगी, जिसमें ऑटो नवीनीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस बैठक में खनन पट्टा धारकों को ऑटो नवीनीकरण के लाभों और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी, जैसे कि प्रक्रिया की सरलता, समय की बचत, और खनन कार्य में निरंतरता। खनन विभाग द्वारा सभी खनन पट्टा धारकों से बैठक में उपस्थित आवश्यक अभिलेख/दस्तावेज लेकर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

### पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत जोनस्तर पर आयोजित किये जायेगे शिविर

**उजयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत नये आवेदन पत्र भरवाये जाने एवं बैकों से लम्बित आवेदनों की ऋण स्वीकृत एवं वितरण करवाये जाने हेतु जोन वार षिविर आयोजित किये जायेगे। शिविर मालवीय नगर जोन में 18 से 19 फरवरी 2026 एवं 25 मार्च 2026, जगतपुरा/झालाना जोन में 20 फरवरी 2026, 23 फरवरी 2026 एवं 27 मार्च 2026, सांगानेर जोन में 24 से 25 फरवरी 2026 एवं 30 मार्च 2026, झोटवाड़ा/वैषाली नगर में 26 से 27 फरवरी 2026, मानसरोवर जोन में 04 से 5 मार्च 2026, मुरलीपुरा जोन में 06 मार्च 2026 एवं 09 मार्च 2026, विद्याधर नगर जोन में 10 से 11 मार्च 2026, आदर्ष नगर जोन में 12 से 13 मार्च 2026, किषनपोल जोन में 16 से 17 मार्च 2026, सिविल लाईन जोन में 18 से 19 मार्च 2026 एवं हवामहल आमेर जोन में 23 से 24 मार्च 2026 को षिविर आयोजित किये जायेगे।

### 19 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार राज्य में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (रस्त्रीं' क्ल्लङील्ल२५ी फी५२ङ्गल्ल झ रक्फ़) का कार्यक्रम, जो पूर्व में 14 फरवरी 2026 तक निर्धारित था, अब 21 फरवरी 2026 तक विस्तारित कर दिया गया है इस कारणवश फरवरी माह के तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जन सुनवाई स्थगित कर दी गई है।

# स्मार्ट पुलिसिंग के लिए साइबर सुरक्षा सशक्तिकरणह्य विषयक दो दिवसीय रेंज स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** उदयपुर रेंज पुलिस और यूनिसेफ राजस्थान के तत्वावधान में संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम अंतर्गत साइबर अपराधों की रोकथाम और जागरूकता के लिए ह्यस्मार्ट पुलिसिंग के लिए साइबर सुरक्षा सशक्तिकरणह्य विषयक दो दिवसीय रेंज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन मंगलवार को डबोक स्थित गीतांजलि इंस्टीटयूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज में हुआ। पुलिस महानिरीक्षक श्री गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एएसपी हर्ष रतनू के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित साइबर क्राइम एवं औपरेशन विशेषज्ञ ईशान सिन्हा ने पीपीटी के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट, एपीके फाईल, मोबाइल फोरेंसिक, एआई तकनीक आदि के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी और साइबर फ्रॉड पर लगाम कसने के लिए सतर्क रहने, तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करने और लोगों को इस संबंध में जागरूक करने का प्रशिक्षण दिया।



### आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हमारा मकसद: आईजी श्रीवास्तव

पुलिस महानिरीक्षक श्री गौरव श्रीवास्तव ने इस महत्वपूर्ण दो दिवसीय रेंज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि स्मार्ट पुलिसिंग के लिए साइबर सुरक्षा सशक्तिकरण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। डिजिटल युग में अपराध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, और हमें भी उसी गति से अपने कौशल एवं तकनीकी क्षमता को उन्नत करना होगा। आज साइबर अपराध केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि हम तकनीकी रूप से दक्ष, सतर्क और संवेदनशील रहें और साइबर अपराध को बढ़ावा देने वालों पर शिकंजा कसते हुए आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करें।



नोडल अधिकारी एएसपी हर्ष रतनू ने कहा कि इन दो दिनों में विषय विशेषज्ञ द्वारा साइबर अपराध की नवीन प्रवृत्तियों, डिजिटल साक्ष्य संकलन, साइबर फॉरेंसिक तकनीकों, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा साइबर कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई है जो आप सभी के लिए उपयोगी साबित होगी। यह प्रशिक्षण केवल जानकारी तक सीमित न रहकर, व्यवहारिक पुलिसिंग में भी दिखाई देना चाहिए। यूनिसेफ राजस्थान की उदयपुर रेंज स्तरीय बाल संरक्षण सलाहकार सिंधु बिनुजीत ने समस्त अतिथियों, विषय विशेषज्ञ एवं प्रतिभागियों का आभार जताते हुए सभी को कार्यशाला के अनुभवों का लाभ लेते हुए पीड़ित को त्वरित राहत प्रदान करने और इस संबंध में आमजन को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि यह कार्यशाला स्मार्ट, पारदर्शी और उत्तरदायी पुलिसिंग की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी।

दूसरे दिन के प्रशिक्षण सत्र में साइबर क्राइम एवं औपरेशन विशेषज्ञ ईशान सिन्हा ने साइबर अपराध को बढ़ावा देने वाले अपराधियों के विरूद्ध की जाने वाली कानूनी कार्यवाही की प्रक्रिया और अपराध के अनुसार निहित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। श्री सिन्हा ने बताया कि पिछले कुछ सालों में जैसे-जैसे तकनीक का विकास हुआ है, उसी रफ्तार से साइबर क्राइम भी बढ़ रहे हैं। मोबाइल पर मैसेज के दौरान ठगी, बैंक अधिकारी बनकर एटीएम आदि की गोपनीय जानकारी हासिल कर खाते से रूपए उड़ाना, युवतियों के एमएमएस, वीडियो बनाना, अश्लील मैसेज करना, कॉल कर परेशान करना, एटीएम से रूपए उड़ाना आदि घटनाओं के अलावा इन दिनों वाट्सअप आदि के माध्यम से भी अनेक प्रकार के अपराध किए जा रहे हैं। इन पर निगाह रखने के लिए पुलिस को अलर्ट होने तथा ऐसे ग्रुपों पर निगाह रखने के लिए भी ताकीद किया। गीतांजलि इंस्टीटयूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज के कैंपस डायरेक्टर डॉ.एस.एम. प्रसन्ना कुमार ने भी विचार रखें। कार्यक्रम में रेंज के सभी साइबर थानों, साइबर सेल व महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ एवं मानव तस्करी विरोधी यूनिट से संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ गिट्स संस्थान के डॉ. चिंतल पटेल, डॉ. अजीत जोशी, कार्यक्रम टीम के दिलीप सालवी, सुनील व्यास और कॉलेज प्रबंधन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर।** पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 की प्रारंभिक तैयारी को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला परिषद के ईडीपी सभागार में बैठक आयोजित की गई।

जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी( कलक्टर) अंकित कुमार सिंह समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की पंचायती राज चुनाव 2026 निष्पक्ष ,पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न करवाए जाने के लिए समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने सभी प्रकोष्ठ प्रभारी एवं सहायक प्रभारी से अब तक की गई तैयारियों को लेकर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने सभी प्रकोष्ठ प्रभारियों से समीक्षा करते हुए चुनाव संचालन प्रकोष्ठ, निर्वाचन अनुभाग लेखा प्रकोष्ठ, उम्मीदवार का निर्वाचन लेखा प्रकोष्ठ, क्रिटिकल एवं वनरेबल मतदान केंद्र प्रकोष्ठ, न्याय एवं कानून व्यवस्था प्रकोष्ठ, मतदान दल गठन प्रकोष्ठ, आदर्श आचार संहिता, रूट चार्ट चेक प्रकोष्ठ, यातायात प्रकोष्ठ, वेयरहाउस प्रभारी, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ वीडियो ग्राफी,



मतपत्र मतदाता सूची की कार्यकारी प्रति तैयारी प्रकोष्ठ, मतदान दल यात्रा भुगतान प्रकोष्ठ, वाहन किराया भुगतान प्रकोष्ठ, चुनाव भंडारण प्रकोष्ठ, रसद प्रकोष्ठ, अभियोजन प्रकोष्ठ, मीडिया प्रकोष्ठ, सांख्यिकी प्रकोष्ठ, नियंत्रण कक्ष प्रकोष्ठ, कंप्यूटर व्यवस्था प्रकोष्ठ, सामान्य व्यवस्था प्रकोष्ठ, चिकित्सा व्यवस्था प्रकोष्ठ, मतदान केंद्रों की व्यवस्था एवं नियंत्रण कक्ष की स्थापना, मतदान कर्मियों के लिए वेलफेयर ऑफीसर सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने मतदान बूथ पर पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए व्यवस्था में लापरवाही नहीं करने की निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों से कहा कि पंचायती राज चुनाव 2026 के सफलतापूर्वक करवाने के लिए पूर्व से ही कार्य योजना बनाकर कार्य करें ताकि किसी प्रकार की समस्याएं का सामना नहीं करना पड़े । उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए

### ईएमएस पोर्टल पर डाटा अपलोड में लापरवाही नहीं करे जिला निर्वाचन अधिकारी सभी विभागों को तत्काल लॉगिन कर शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जिन विभागों के कर्मचारियों का डाटा ईएमएस पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है, उन्हें तत्काल लॉगिन कर डाटा अपलोड कराने के निर्देश दिए। साथ ही, समस्त विभागों के आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों का डाटा ईएमएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से डाटा अपलोड करवाने सुनिश्चित करे।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चंद्र धाकड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाड़िया, तहसीलदार निर्वाचन दीपिका कटारा सहित समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# बहेगी शास्त्रीय संगीत की बयार... रिझाएंगे क्लासिकल डांस





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के तीन दिवसीय ऋतु वसंत कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत व नृत्य के क्षेत्र में स्थापित कलाकार 20 से 22 फरवरी तक नवाचारों सहित अपनी प्रस्तुतियों से क्लासिकल के रसिकों का दिल जीतेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियां जारी हैं।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि उत्सव के पहले दिन शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच पर देश के वरिष्ठतम बांसुरी वादकों में से एक दिल्ली के संगीतज्ञ चेतन जोशी के बांसुरी वादन से शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को रिझाएंगे। इनके साथ आंजनेय जोशी बांसुरी और पंडित हितेंद्र दीक्षित तबले पर संगत करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा साल 2019 के लिए केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से नवाजे जा चुके चेतन जोशी अपने बांसुरी वादन में ऋतु के वसंती रंग शिल्पग्राम की फिजां में घोलेंगे। बता दें, जोशी विकसित की गई एक ही बांसुरी में साढ़े तीन सप्तक बजाने की विशिष्ट पद्धति से विश्व के संगीत पटल पर अपनी छाप छोड़ चुके हैं।

### क्लासिकल प्रस्तुतियों से सजेगा 20 फरवरी से तीन दिवसीय ऋतु वसंत उत्सव

निदेशक खान ने बताया कि इसी दिन मशहूर नृत्यांगना दिल्ली की गौरी दिवाकर कथक की उत्कृष्ट प्रस्तुति देंगी। बता दें, भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की प्रसिद्ध नृत्यांगना एवं कोरियोग्राफर ने अपनी कलात्मक प्रस्तुतियों और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावशाली प्रदर्शन के माध्यम से भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ाया है। नई दिल्ली की इस नृत्यांगना ने पारंपरिक कथक को आधुनिक अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत कर कला जगत में विशिष्ट पहचान बनाई है। वे लंदन के दरबार फेस्टिवल सहित सिडनी डांस फेस्टिवल और एडिनबर्ग फ्रिंज फेस्टिवल में अपनी प्रस्तुतियों से जहां दर्शकों का मन मोह चुकी हैं, वहीं समीक्षकों से भी खासी प्रशंसा पा चुकी हैं। वे अपने ग्रुप के साथ शिल्पग्राम में कथक प्रस्तुतियों में जहां वासंती रंग के साथ मां सरस्वती को रिझाएंगी, वहीं कथक प्रेमियों को मंत्र मुग्ध करेंगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरुण कुमार हसीजा ने ली सभी प्रकोष्ठ प्रभारियों व एसडीएम की पहली बैठक

## पंचायतीराज चुनाव-2026: मतदान से लेकर मतगणना तक हर तैयारी की हुई समीक्षा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** आगामी पंचायतीराज चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरुण कुमार हसीजा ने मंगलवार सायं जिला परिषद सभागार में सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारियों एवं सभी एसडीएम की पहली समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, मंदिर मण्डल नाथद्वारा सीईओ जितेंद्र पांडे, एडिशनल एसपी रजत विश्नोई सहित सभी प्रकोष्ठ प्रभारी, जिले के सभी उपखंड अधिकारी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी हसीजा ने निर्देश दिए कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी करने से लेकर नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति, संवीक्षा, नाम वापसी, चुनाव चिन्ह आवंटन, अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने, पहचान पत्र जारी करने तथा राज्य निर्वाचन आयोग को समस्त सूचनाएं समय पर प्रेषित करने की कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रमुख



एवं उप प्रमुख के चुनाव सहित आरओ सेल से संबंधित समस्त कार्य समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### निर्वाचन प्रक्रिया में समन्वय, मॉनिटरिंग और पारदर्शिता पर जोर

हसीजा द्वारा जिला निर्वाचन अनुभाग को आयोग से प्राप्त पत्रों का त्वरित संप्रेषण, निर्वाचन नामावली की तैयारी, मतदान केंद्रों का प्रकाशन तथा वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठकों की एजेंडावार तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कानून व्यवस्था प्रकोष्ठ को एरिया एवं जोनल मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति, धारा 163 बीएनएसएस 2023 के अंतर्गत निषेधाज्ञा, कोलाहल नियंत्रण, संपत्ति विरूपण अधिनियम, पोस्टर-बैनर नियंत्रण, सूखा दिवस घोषणा तथा अनुज्ञप्त शस्त्र जमा कराने जैसी कार्यवाहियां



समय पर पूर्ण करने को कहा गया।

संस्थापन प्रकोष्ठ को चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा एमसीसी अवधि में कार्यग्रहण व कार्यमुक्ति संबंधी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सामान्य व्यवस्था प्रकोष्ठ को मतदान दल रवानगी एवं संग्रहण स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं, स्ट्रॉन्ग रूम चयन एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

#### मतदान, मतगणना, प्रशिक्षण व सुरक्षा व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय

मतदान एवं मतगणना दल गठन प्रकोष्ठ को कार्मिकों का डाटा संधारण, रेंडमाइजेशन, आवास, पेयजल, बिजली, परिवहन एवं कंट्रोल रूम स्थापना की तैयारी सुनिश्चित करने



को कहा गया। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ को प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से चरणबद्ध प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस बल को क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों की पहचान, सुरक्षा प्लान तैयार करने, सशस्त्र बल तैनाती तथा नियमित एलओआर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। मतपत्र मुद्रण, ईवीएम कमीशनिंग, रेंडमाइजेशन, परिवहन एवं स्ट्रॉन्ग रूम सुरक्षा के लिए संबंधित प्रकोष्ठों को समन्वित कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

#### व्यय लेखा, आदर्श आचार संहिता पर विशेष फोकस

निर्वाचन व्यय लेखा प्रकोष्ठ को उम्मीदवारों के व्यय की नियमित जांच एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने तथा प्रिंटिंग प्रेस मालिकों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा गया।

आदर्श आचार संहिता एवं शिकायत प्रकोष्ठ को राजनीतिक दलों के साथ बैठकें आयोजित कर पालना सुनिश्चित करने तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। आईटी प्रकोष्ठ को राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट व ई-सूची पोर्टल पर समस्त डाटा समयबद्ध अपडेट करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सभी प्रकोष्ठ प्रभारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना करते हुए आपसी समन्वय बनाए रखें तथा प्रत्येक स्तर पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कर आगामी पंचायतीराज चुनाव-2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।